(c) Does not arise.

(d) The outstanding balance represents the liability of the Central Government, and is repayable to depositors.

दूरसंचार से जुड़े हुए उद्योगों की उत्पादन क्षमता

3389. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दूरसंचार से जुड़े कतिपय उद्योगों में उनकी उत्पादन क्षमता से कम उत्पादन हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के लिए वर्षवार उत्पादन का उद्योगवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गये है?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) (क) और (ख) दूरसंचार उद्योग का उत्पादन दूरसंचार विभाग तथा अन्य ग्राहकों द्वारा दिए गए आदेशों पर निर्भर करता है। टेलीफोन उपकरणों, जेली भरी केबिलों तथा सरल एक्सचेंजों के क्षेत्र में उत्पादन, संस्थापित क्षमता से कम है क्योंकि दूरसंचार विभाग अपनी आवश्यकताओं तथा योजना आयोग द्वारा आबंटित निधि के अनुरूप ही आदेश दे सकता है।

(ग) नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत प्राइवेट/सार्वजनिक/संयुक्त क्षेत्र की कंपनियां को दूरसंचार उपस्कर के उत्पादन के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

दूरसंचार के आधुनिकीकरण पर खर्च किया गया धन

3390. **श्री राम अवधेश सिंह:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उनके मंत्रालय द्वारा सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में दूरभाष केन्द्रों और दूरभाष लाइनों की मरम्मत पर कुल कितना धन व्यय किया गया है;

(ख) इसका परिमण्डल-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इस प्रयोजन हेतु व्यय किये जाने के लिए प्रस्तावित कुल धन का परिमण्डल-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) दूरभाष केन्द्रों के आधुनिकीकरण के लिए और इलैक्ट्रोनिकी मशीनों की खरीद के लिए विदेशी और घरेलू कम्पनियों से कितने टेंडर प्राप्त हुए हैं;

(ङ) विदेशी कम्पनियों के नाम सहित स्वीकार किये गये पैकेजों की संख्या क्या है प्रत्येक पक्ष की निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(च) दूरभाष केबल बिछाये जाने पर परिमण्डल-वार खर्च किये जाने वाले धन का ब्यौरा क्या है; और

(छ) इस प्रयोजन के लिए दिये गये ठेकों का ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) (क) और (ख) मरम्मत और अनुरक्षण कार्य पर हुए व्यय को दर्शाने वाला एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। [देखिए परिशिष्ट 162, अनुपत्र संख्या 70]

(ग) 1992-93 से प्रारंभ होने वाली आठवीं योजना को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

(घ) से (छ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Centenary Celebration of Dr. Baba Saheb Ambedkar

3391. SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR:
SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM:

Will the MINISTER OF COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether his Ministry has instructed its officers to celebrate the centenary of Dr. Babasaheb Ambedkar;

(b) whether it is also a fact that Chief Superintendent of Central Telegraph office, Madras has not given the permission to celebrate the centenary; and

(c) if so, what action Government are proposing in this regard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P.V. RANGAYYA NAIDU): (a) Yes, Sir.

(b) The Chief Superintendent of CTO Madras celebrated the centenary of Dr. Ambedkar with the participation of all concerned on 7.3.1992.

(c) Does not arise.